उन्हें उच्च शिक्षा के लिए ऋण दिये जाने की प्रणाली अपनाने का विचार कर रही है ,

(ख) यदि हा, तो क्या सरकार ने इस संबंध मे कोई ठोस योजना बनाई है ; और

(ग) इस योजना का ब्यौरा क्या है और इस योजना को कब तक कार्यान्वित किए जाने की सभावना है ?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री भागेय गोवर्धन) : (क) उच्च अध्ययन के लिए छात्रो को छात्रवृत्ति की मौजूदा योजना के स्थान पर ऐसे छात्रो को ऋण देने की योजना प्रतिस्थागित करने का इस समय कोई प्रस्ताव नही है ।

(ख) और (ग) प्रश्न नही उठते ।

शिक्षा पर वार्षिक-व्यय

1293. **श्री राम जेठमलानी :**
सरदार जगजीत सिंह अरोड़ा :

क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि शिक्षा पर किए जाने वाले कुल वार्षिक-व्यय का एक बडा हिस्सा उच्च शिक्षा पर खर्च किया जाता है ;

(ख) यदि हा, तो पिछले तीन वर्षो मे प्रत्येक वर्ष के दौरान शिक्षा पर कुल कितना धन व्यय किया गया है और उसमे से कितना धन उच्च शिक्षा पर खर्च किमा गया है ; और

(ग) क्या सरकार परिनियत संकल्प को ध्यान में रखते हुए 14 वर्ष की आयु के प्रत्येक बच्चे को शिक्षा प्रदान करने के लिए भविष्य मे उपरोक्त व्यय के अनुपात में वृद्धि करने पर विचार कर रही है ; यदि हां, तो इस सम्बन्ध मे क्या निर्णय लिया गया है ?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय म राज्य मंत्री (श्री भागेय गोवर्धन) : (क) उच्चतर शिक्षा पर होने वाला व्यय वर्ष 1989–90 मे सामान्य और तकनीकी शिक्षा के सशोधित प्राक्कलनों का 24.1 प्रतिशत होता है ।

(ख) वर्ष 1987–88 मे सामान्य और तकनीकी शिक्षा पर 1205.25 करोड रु० व्यय हुआ था जिसमे से 335.58 करोड रुपये उच्चतर शिक्षा पर खर्च किए गए थे । वर्ष 1988–89 के लिए तदनुरूपी आंकड़े क्रमश: 1598 63 करोड़ रुपये और 346.16 करोड रु० थे । वर्ष 1989–90 के लिए तदनुरूपी सशोधित प्राक्कलन 1522.08 करोड रुपए और 367 27 करोड़ रुपए थे ।

(ग) राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 1986 मे प्रारभिक शिक्षा को सर्वसुलभ बनाने को उच्च प्राथमिकता दी गई है । प्रारंभिक शिक्षा पर केन्द्रीय सरकार का परिव्यय जो 1986–87 (वास्तविक) 33.15 करोड रुपए था से बढकर वर्ष 1989–90 (संशोधित प्राक्कलन) मे 212.10 करोड रुपए हो गया है ।

संस्थाओं द्वारा सरकारी अनुदान का समुचित उपयोग किया जाना

1294. **श्री राम जेठमलानी :**
सरदार जगजीत सिंह अरोड़ा :

क्या मानव संसाधन विकास मत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को देश के विभिन्न स्थानो पर स्थित प्रौढ शिक्षा केन्द्रो के सबध मे अनेक शिकायते मिली है ,

(ख) क्या यह सच है कि अनेक गैर-सरकारी संस्थाओ को इस संबंध में सरकार से अनुदान प्राप्त हो रहा है किन्तु वे उसका ठीक से उपयोग नही कर रही है ;

(ग) यदि हा, तो क्या सरकार ने ऐसी सस्थाओ के विरुद्ध जाच करने के